# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

02 जुलाई 2023, रविवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा लखनऊ, उत्तर प्रदेश में डॉ सोनेलाल पटेल की 74वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जन-स्वाभिमान दिवस' में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से मैं अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल जी की **74**वीं जयंती पर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वे जीवन पर्यंत संघर्ष करते हुए गरीबों-पिछड़ों के जीवन में खुशियाँ लाने में लगे रहे। वे कई बार जेल भी गए, प्रताड़ना भी झेली लेकिन अपने रास्ते से डिगे नहीं।

***********************

राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम कर रहे लोगों को डॉ सोनेलाल पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अनुप्रिया पटेल जी उन्हीं के बताये रास्ते पर चलती हुई गरीबों और पिछड़े समाज के कल्याण एवं उनके सशक्तिकरण में लगी हुई हैं।

***********************

आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित महसूस कर रहा है। मोदी जी के मार्गदर्शन में आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक हुई, धारा **370** समाप्त हुई, आज देश में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है।

***********************

भाजपा और अपना दल ने उत्तर प्रदेश में चार चुनाव, दो लोक सभा व दो विधान सभा चुनाव साथ मिल कर लड़े हैं और जीते हैं। यही कारण है कि समाजवादी पार्टी जैसे विघटनकारी पार्टी से उत्तर प्रदेश को निजात मिली।

***********************

यूपी में डबल इंजन की सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यूपी में औद्योगिक निवेश हो रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरीब-कल्याण नीतियों और योजनाओं को उत्तर प्रदेश में एनडीए सरकार बखूबी जमीन पर उतार रही है।

***********************

मैं अपना दल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि **2024** के आगामी लोक सभा चुनाव में भी भाजपा, अपना दल और निषाद पार्टी को मिल कर उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाकर तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है।

***********************

आजादी के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह पहली मंत्रीपरिषद् है जिसमें पिछड़े समाज से लगभग **27%** मंत्री बने हैं। एमबीबीएस और एमडी की प्रवेश परीक्षा में पिछड़ा समाज के लिए **27%** का आरक्षण का प्रावधान किया गया है। एनडीए गठबंधन में पिछड़ा समाज, आदिवासी समाज और दलित समाज के सबसे अधिक सांसद हैं।

***********************

समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी कई बार गठबंधन में सत्ता में रही लेकिन कभी भी पिछड़े वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दी जिससे पिछड़ा समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

***********************

उत्तर प्रदेश सरकार ने आजमगढ़ मे महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय की स्थापना की। डॉ सोनेलाल पटेल जी के नाम से प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। यूपी विश्वकर्मा श्रम योजना के तहत लगभग **68** हजार शिल्पियों को लगभग **100** करोड़ रुपये दिए गए हैं। योगी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में अब तक सबसे अधिक पिछड़ा समाज को नौकरी दी गई है।

***********************

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को लखनऊ, उत्तर प्रदेश के इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान में डॉ सोनेलाल पटेल जी की 74वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'जन-स्वाभिमान दिवस' कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल जी के जीवन से राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम कर रहे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री श्री रामदास आठवले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप-मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक, श्री सुरेश खन्ना एवं श्री स्वतंत्र देव सिंह सहित राज्य सरकार में कई मंत्री और भाजपा एवं अपना दल के तमाम बड़े नेता उपस्थित थे। अपना दल के तमाम कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से मैं अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल जी की 74वीं जयंती पर उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वे जीवन पर्यंत संघर्ष करते हुए गरीबों-पिछड़ों के जीवन में खुशियाँ लाने में लगे रहे। इस दौरान वे कई बार जेल भी गए, प्रताड़ना भी झेली। अनुप्रिया पटेल जी उन्हीं के बताये रास्ते पर चलती हुई गरीबों और पिछड़े समाज के कल्याण एवं उनके सशक्तिकरण में लगी हुई हैं।** अपना दल और अनुप्रिया पटेल जी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश भर में जारी विकास यात्रा में सहयोगी हैं और एनडीए की सदस्य हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **उत्तर प्रदेश में हमने साथ मिल कर उत्तर प्रदेश में चार चुनाव, दो लोक सभा और दो विधान सभा चुनाव साथ मिल कर लड़े हैं और मिलकर जीते हैं। यही कारण है कि समाजवादी पार्टी जैसे विघटनकारी पार्टी से उत्तर प्रदेश को निजात मिली है। यूपी में डबल इंजन की सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यूपी में औद्योगिक निवेश हो रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरीब-कल्याण नीतियों और योजनाओं को उत्तर प्रदेश में एनडीए सरकार बखूबी जमीन पर उतार रही है। मैं अपना दल के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूँ कि 2024 के आगामी लोक सभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी, अपना दल और निषाद पार्टी के साथ मिल कर उत्तर प्रदेश के सभी सीटों पर एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाना है।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 9 साल में देश केलगभग 60 करोड़ गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है, दलितों और पिछड़े समाज के लोगों के जीवन को ऊपर उठाने काम हुआ है। **आजादी के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह पहली मंत्रीपरिषद् है जिसमें पिछड़े समाज से लगभग 27 प्रतिशत मंत्री बने हैं और वे सब पिछड़ा समाज के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। आज एनडीए गठबंधन में**

**पिछड़ा समाज, आदिवासी समाज और दलित समाज के सबसे अधिक सांसद हैं। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी कई बार गठबंधन में सत्ता में रही लेकिन कभी भी पिछड़े वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। उन लोगों ने कभी भी दलित और आदिवासी आयोग की तरह पिछड़ा वर्ग आयोग नहीं बनाया। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दी जिससे पिछड़ा समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एमबीबीएस और एमडी की प्रवेश परीक्षा में पिछड़ा समाज के लिए 27 प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान किया है।** ओबीसी छात्रों का ट्यूशन फी भी माफ़ किया गया है। नीट परीक्षा में आरक्षण दिया गया है। **पेट्रोल एवं गैस एजेंसियों में भी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। ओबीसी की प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक सहायता के लिए अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खाते में दिया गया। ओबीसी समाज के उद्यमियों के लिए वेंचर कैपिटल का बनाया गया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने आजमगढ़ मे महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय की स्थापना की। डॉ सोनेलाल जी के नाम से प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। यूपी विश्वकर्मा श्रम योजना के तहत लगभग 68 हजार शिल्पियों को लगभग 100 करोड़ रुपये दिए गए हैं। योगी जी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में अब तक सबसे अधिक पिछड़ा समाज को नौकरी दी गई है।**

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री बनते ही आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, शोषितों, वंचितों, युवाओं और महिलाओं की सरकार है।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी भी वादे करते हैं, उसे पूरा करते हैं। **पिछले नौ साल में भाजपा-एनडीए सरकार ने लगभग 3 करोड़ से अधिक लोगों के लिए आवास बनाए हैं। लगभग 9.5 करोड़ गरीबों के घर में गैस का सिलिंडर पहुंचाया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 1.75 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गए हैं।** सुकन्या समृद्धि योजना से बेटियों का कल्याण हो रहा है। **पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 11 करोड़ किसानों को हर साल 6-6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को पिछले तीन सालों से प्रति व्यक्ति प्रति महीने पांच किलो अनाज मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।** आयुष्मान भारत योजना के तहत देश लगभग 55 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित किया है। जब देश में सोनिया-मनामोहन की सरकार थी, तब आए दिन आतंकवादी हमारे देश में घुसकर बम धमाके करते थे, सीमा पर अतिक्रमण करते थे और हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में भी आतंकवादियों ने वैसी ही हिमाकत करने की कोशिश की लेकिन वे भूल गए कि देश में अब मनमोहन सिंह सरकार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमारे वीर जवानों ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों का सफाया किया। **श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है, धारा 370 का उन्मूलन हुआ है और देश में विकास की नई कहानी लिखी जा रही है।**

***************